भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 3373
उत्तर देने की तारीख : 09 दिसम्बर, 2019

सांस्कृतिक प्रदर्शनी

3373. श्री गौतम सिगामणि :

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार के पास दक्षिण पूर्व एशिया सहित विश्व भर में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु विदेशों में सांस्कृतिक प्रदर्शनियां आयोजित करने हेतु कोई प्रस्ताव है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं/प्रस्तावित हैं?

उत्तर
(श्री प्रहलाद सिंह पटेल)
संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(क) से (घ) : संस्कृति मंत्रालय सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ाने के लिए विदेशों के साथ सांस्कृतिक करार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम, समझौता ज्ञापन आदि पर हस्ताक्षर करता है। ऐसे करार के तहत यह मंत्रालय या इसके संस्थान भारतीय संस्कृति को विश्व भर में बढ़ावा देने के लिए दक्षिण-पूर्व एशिया सहित विदेशों में सांस्कृतिक प्रदर्शनियां आयोजित करते हैं। संस्कृति मंत्रालय भारतीय मिशनों के माध्यम से विदेश में भारत महोत्सव भी आयोजित करता है। इन महोत्सवों के अंतर्गत, अनुरोध के आधार पर सांस्कृतिक प्रदर्शनियां भी आयोजित की जाती हैं। वर्तमान में, 'फ्रॉम द कोरोमंडल कोस्ट टू द स्ट्रेट्स- तमिल्स इन साउथ-ईस्ट एशिया एंड सिंगापुर' नामक एक प्रदर्शनी सिंगापुर में प्रदर्शित की जा रही है।